# कड़ान मध्यम परियोजना

## संक्षिप्त टीप

कड़ान मध्यम परियोजना जिला सागर के वैकल्पिक एलाइनमेंट का तुलनात्मक विवरण।

कड़ान मध्यम परियोजना सागर जिले की सागर तहसील के राहतगढ़ विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम इकपना बसोना के पास कढ़ान नदी पर प्रस्तावित है। योजना की प्रशासकीय स्वीकृति म.प्र. शासन जल संसाधन विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र क्र. आर–227/2017/मध्यम/31/266 भोपाल दिनांक 21.04.2017 द्वारा राशि रु. 385.79 करोड़ की 9990 हे. रूपांकित सिंचाई हेतु प्रदाय की गई। योजना के प्रस्तावित स्थल पर 181.25 वर्ग किमी. जलग्रहण क्षेत्र है एवं 75% विश्वसनीयता पर अधिकतम 61.25 मिघमी. जल की आवक है। योजना के अपस्ट्रीम में सागर शहर, सागर–बीना हाईवे एवं बीना–कटनी रेलमार्ग जैसे Obligatory points योजना के पूर्ण जलस्तर को 491.65 मी. तक सीमित करते हैं। योजना की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त करने के पूर्व योजना में 491.65 मी. जल स्तर पर तीन वैकल्पिक एलाइनमेंट का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया था, तुलनात्मक विवरण निम्नानुसार है:–

1. एलाइनमेंट नं. 1 :–

   एलाइनमेंट क्र. 1 को कड़ान नदी में दोनों ओर पहाड़ों के पास लगाकर सर्वेक्षण किया गया जिसके आर.एल. 491.65 मी. के जलस्तर पर कुल 24.87 मिघमी. जल भराव क्षमता एवं 622.90 हे. कुल भूमि डूब में प्रभावित हो रही थी, जिसमें 190.10 हे. वनभूमि, 412.30 हे. निजी भूमि एवं 20.50 हे. शासकीय भूमि डूब में आ रही है। इससे मात्र 5500 हे. में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी।

2. एलाइनमेंट नं. 2 :–

   एलाइनमेंट नं. 2 को ग्राम इकपना बसोना के अपस्ट्रीम में तत्कालीन अधीक्षण यंत्री जल संसाधन मण्डल सागर द्वारा निर्देश दिये गये थे कि उक्त स्थल पर सर्वेक्षण करने पर आर.एल. 491.65 मी. के जलस्तर पर कुलभराव क्षमता 42.66 मिघमी. प्राप्त होती है। इसमें कुल 754.78 हे. भूमि डूब में आ रही है, जिसमें से 248.76 हे. वनभूमि, 66.70 हे. शासकीय एवं 439.32 हे. निजी भूमि डूब में प्रभावित होगी। इस एलाइनमेंट पर भी सिर्फ 1 ग्राम प्रभावित हो रहा है।

3. एलाइनमेंट नं. 3 :–

एलाइनमेंट क्र. 2 के अतिरिक्त विभाग के प्रमुख अभियंता महोदय जल संसाधन विभाग भोपाल द्वारा ग्राम मदनपुरा के पास तृतीय एलाइनमेंट लगाकर सर्वेक्षण करने के निर्देश दिये गये थे। एलाइनमेंट क्र. 3 पर 491.65 के जलस्तर पर एरिया कैपेसिटी निकाली गई थी, इस लाइन पर कुल भराव क्षमता 52.23 मिघमी. प्राप्त होती है, इसमें कुल 1165.56 हे. भूमि डूब में से 339.52 हे. वनभूमि प्रभावित हो रही है। साथ ही 5 ग्राम पूर्ण रूप से डूब में प्रभावित होंगे।

उपरोक्त तीनों विकल्पों पर मुख्य अभियंता धसान केन कछार जल संसाधन विभाग एवं अधीक्षण यंत्री जल संसाधन मण्डल सागर से दिनांक 22.10.2016 को विचार विमर्श किया गया एवं इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि विकल्प नं. 2 के डाऊन स्ट्रीम के प्रस्ताव तकनीकी रूप से नहीं हैं। विकल्प नं. 2 जिस पर प्रशासकीय स्वीकृति प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया गया है वही सर्वोत्तम विकल्प है।

| स.क्र. | वैकल्पिक एलाइनमेंट | कुल भराव क्षमता मिघमी. | कुल डूब क्षेत्र हे. में. | प्रभावित वन भूमि हे. में. | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एलाइनमेंट 1 | 24.87 | 622.90 | 190.10 | 1 ग्राम डूब में प्रभावित |
| 2 | एलाइनमेंट 2 | 42.66 | 754.78 | 248.76 | 1 ग्राम डूब में प्रभावित |
| 3 | एलाइनमेंट 3 | 52.23 | 1165.56 | 339.52 | 5 ग्राम डूब में प्रभावित |

अतः योजना निर्माण का विकल्प नं. 2 उपरोक्तानुसार संशोधन के साथ सर्वोत्तम विकल्प है, अन्य विकल्प विस्थापन, वनभूमि एवं कृषि भूमि की डूबने की दृष्टि से तकनीकी, आर्थिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय दृष्टि से निर्माण योग्य सही प्रतीत नहीं होते हैं।

अतः विकल्प–II प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है, को उपरोक्त संशोध के साथ मान्य किये जाने का अनुरोध है।

सहपत्रः– तीनों विकल्पों को दर्शाता हुआ इंडेक्स मेप।

(आर.के. जैन)
अनुविभागीय अधिकारी
जल संसाधन उपसंभाग क्र०एक,
सागर (म०प्र०)

(ए.के. चौबे)
कार्यपालन यंत्री
जल संसाधन संभाग क्र०एक,
सागर (म०प्र०)

(शिशिर कुशवाहा)
अधीक्षण यंत्री
जल संसाधन उपसंभाग मण्डल सागर
जिला सागर (म०प्र०)

(सुधीर खरे)
मुख्य अभियंता
धसान केन कछार
जल संसाधन विभाग सागर (म०प्र०)